## एक नजर में

### संगीतमय श्री शिव पुराण कथा ज्ञान गंगा के द्वितीय दिवस की पावन कथा का शुभारंभ



**बड़वाह, निप्र।** समीपस्थ ग्राम मनिहार स्थित फन एन फ्लोरा फार्मलैंड एण्ड रिसोर्ट में पहली बार भव्य संगीतमय श्री शिव पुराण कथा ज्ञान गंगा के द्वितीय दिवस की पावन कथा का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ इसी के ? साथ शिव संकीर्तन के साथ शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई कथा में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में धार्मिक गीत, और ध्वज पताकाओं के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा के दूसरे दिवस कथा वाचक प्रेम मुर्ति पंडित अभिषेकानंद महाराज ने महादेव नाम का महिमा का गुणगान किया महादेव नाम का जो व्यक्ति तीन बार उच्चारण नित्य करे उसके जीवन ने अद्भुद परिवर्तन होता इसी के साथ भगवान शिव की महानता पर प्रकाश डाला। शिव महापुराण कथा के श्रोता स्वयं महादेव ओर पार्वती जी ही है जो भक्त शिव कथा को श्रवण करता है वो स्वयं महादेव का स्वरूप ही होता है कथा 1 मार्च तक आयोजित होगी सात दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन अलकारानी जैन, रैना-शलभ जैन अर्शी-शुभम जैन परिवार के द्वारा माँ नर्मदा एवं नाकोडा भैरव की कृपा से बैंकुठवासी स्व. कमलकुमार जैन की पुण्यस्मृति में आयोजन कराया जा रहा है।*शिव तत्व पर प्रकाश डालते हुए महादेव के गुणगान के साथ महादेव के गणगौर स्वरूप की दिव्य झांकी का दर्शन हुआ पंडित अभिषेकानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को शिवजी की महिमा और उनके आदर्श जीवन पर प्रवचन दिए गए। बताया गया कि शिवजी ही सृष्टि के पालनहार और विनाशक दोनों हैं। उन्होंने शिवजी के भोलेनाथ स्वरूप को विस्तार से समझाते हुए बताया कि शिवजी सभी जीवों के प्रति करुणा और प्रेम का प्रतीक हैं। नंदी और गंगा के महत्व को भी समझाया।

**भजनों पर थिरके श्रद्धालु :-** उन्होंने कहा कि शिवजी का हर अंग और हर आभूषण एक गहरा संदेश देता है। जैसे उनके सिर पर विराजमान चंद्रमा शीतलता और संयम का प्रतीक है, जबकि गले में बंधा सर्प भय और मृत्यु से परे रहने का संदेश देता है। कथा के दौरान भजनों और शिव स्तुति के माध्यम से शिव महापुराण के प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। जिसने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भजनों में भोले के दरबार में खुशियां ही खुशियां हैं और ओम नम: शिवाय जैसे भक्ति गीतों ने माहौल को और अधिक दिव्य बना दिया।श्रद्धालुओं को बताया गया कि शिव महापुराण कथा में आने वाले 7 दिनों तक शिवजी की लीलाओं, आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रवचन दिए जाएंगे। ग्रामवासी इस आयोजन को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में कथा स्थल पर उपस्थित हो रहे हैं।

**शिवजी के आदर्शों को उनके जीवन में आत्मसात करना है :-** रैना-शलभ जैन ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन को लेकर परिवार का मुख्य उद्देश्य शहर सहित गांव के नागरिकों में आध्यात्मिकता का संचार करना और शिवजी के आदर्शों को उनके जीवन में आत्मसात करना है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं को कथा में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया है।24 फरवरी मंगलवार शिव पार्वती के गणगौर स्वरूप दर्शन होगा। 24 फरवरी को सायंकाल 7 बजे सुंदरकांड का आयोजन होगाआयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### कक्षा 1 से 8 वीं तक की वार्षिक परीक्षा शुरू

**बड़वाह, निप्र।** आज दिनांक 23/02/2026 शुक्रवार को मां नर्मदा मूक बधिर एवं



दृष्टि बाधित निशुल्क आवासीय विद्यालय सुराना नगर बड़वाह में कक्षा 1 से 8 वीं तक की वार्षिक परीक्षा दिनांक 23/02/2026से प्रारंभ की गई जिसमें प्रथम पेपर हिंदी का था जिसमें नैत्रहिन बच्चों ने बैरल लिपी में परिक्षा दी और बी आर सी महोदय एवं सामाजिक न्याय विभाग के नोडल अधिकारी कमलेश बिर्ला द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें 70 बच्चों ने हिंदी का पेपर हल किया आज दिनांक 24/02/26 को अंग्रेजी का पेपर लिया गया परिक्षा 27/02/26 तक चलेगी विद्यालय का स्टाफ प्राचार्य विजय मालविया इंटर पिटर पारुल कदम पराग कदम इन्दिरा जोशी रानू कडोले अर्पिता कामले सरदार मेहता आदि स्टाफ उपस्थित था।

### विचार गोष्ठी का आयोजन किया

**सनावद, निप्र।** पार्श्व ज्योति मंच द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पर ' मातृभाषा का हमारे जीवन में महत्व विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओ ने अपने देश की संस्कृति के संरक्षण में मातृभाषा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि मातृभाषाओं के विकास में लोगों को जागृत बनाये रखने के उद् ?देश्य को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1972 में एक दिन राष्ट्रभाषा दिवस के रूप में मनानेका आह्वान किया था। तभी से 21 फरवरी को प्रतिवर्ष मातृ ?भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमें अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करना चाहिए ताकि मातृभाषा का अवमूल्यन न हो। शुभम जैन ने कहा कि मानवीय मूल्यों के संरक्षण में मातृ ?भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है। वास्तविक शिक्षा मातृ ?भाषा से ही प्राप्त होती है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रियम जैन एवं धीरेन्द्र बाकलीवाल ने बताया कि गोष्ठी में कमलेश भूच, सम्मी जैन, सन्नू जैन, सत्येन्द्र जैन, विजय जैन, आशीष जैन, सन्ध्या जैन, प्रिया जैन वीनस जैन सहित अनेक श्रोतागण उपस्थित थे।

### अवैध गांजे की खेती का खुलासा, मक्का फसल के बीच लहलहा रहा था गांजा

**खरगोन, निप्र।** पुलिस जिले में अवैध गांजे की तस्करी के साथ ही इसकी खेती पर भी निगरानी रख रही है। ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार अवैध मादक पदार्थ बिक्री सहित उत्पादन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने भगवानपुरा क्षेत्र में



परंपरागत फसल के बीच हो रही गांजे की खेती उजागर करते हुए 53, 7500 रुपये मूल्य के गांजा पौधे एक खेत से उखाड़े है। कार्रवाई में गांजा खेती करने वाले को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम मदनी खुर्द के रहने वाले सुभाष ने अपने खेतों में मक्का फसल के बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजे के पौधे लगाये थे। इसकी सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। खेत में दबिश के दौरान सुभाष पिता मंगलिया कनासे निवासी मदनी खुर्द को हिरासत में लिया। सर्चिंग करने के दौरान हरे गांजे के पौधे लहलहाते नजर आए। पुलिस टीम ने खेत से मक्का फसल के बीच 266 गांजा पौधे उखाड़कर जब्त किए। इन पौधों का वजन 107 .500 किलोग्राम होकर 53,7500 रुपये आंकी गई है।

# एएसपी बोली - उत्साह के साथ सभी त्यौहार मनाएं

## त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** आगामी दिनों में होली,रंगपंचमी,ईद,गणगौर,शीतला सत्तमी जैसे कई महत्वपूर्ण विभिन्न धर्मो के आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस थाना बड़वाह में शान्ति समिति की बैठक हुई। एएसपी शंकुतला रूहल ने कहा कि रंग पंचमी पर जुलूस वाले प्रमुख रास्तों पर ड्रोन उड़ाकर अराजक तत्वों पर नजर रखी जाएगी, साथ ही होलिका दहन वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।सोमवार शाम को पुलिस थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में एडिशनल एसपी के साथ एसडीओपी अर्चना रवात,टीआई बलराम राठौर मौजूद रहे। बैठक के दौरान एएसपी ने कहा कहा की नगरवासी सभी त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाए। अभी परिक्षाए चल रही है,इसलिए व्यवस्थापको को कहा कि साउण्ड सिस्टम की आवाज कम रखे,साथ ही डीजे संचालकों मीटिंग लेकर उन्हें निर्देशित करे। होलिका दहन व जुलुस में वालंटियर नियुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि होली पर हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके साथ ही विभिन्न पर्वो के बारे में विस्तार से जानकारी ली।तीन मार्च को धुलंडी व मुस्लिम समाज की ईद दोनों पर्व एक ही दिन आ रहे है। बैठक में सुधीर सेंगर व उपस्थितजनों ने कहा कि अधिकारी बडवाह के शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण की प्रशंसा करते है,क्योकि यहा हिन्दू व मुस्लिम दोनों समुदाय एक दुसरे के धर्मिक मान्यताओ का न सिर्फ आदर करते है बल्कि जुलुस व शोभायात्रा का स्वागत भी करते है। इसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी होली, रमजान, ईद, रामनवमी, गणगौर आदि पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान महीम ठाकुर, सुरेन्द्र पंडया, विजय महाजन, प्रवीण शर्मा, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, वसीम गुड्डा, पार्षद



रूपसिंह रावत ,गणेश चौधरी सहित नगरवासी मोजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर सेंगर ने किया। 21 को खुलेगी गणगौर माता की बाड़ी, उसी दिन ईद भी है -- 21 मार्च को गणगौर माता जी की बाड़ी खुलेगी, भक्त दर्शन करके माताजी को अपने घरो में लाएगे, उसी दिन मुस्लिम समाज की ईद भी आ रही है,मुस्लिम अंजुमन कमेंटी के सदर शेख आयाज ने रमजान पर्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा की पूरा माह समाज शांतिपूर्ण तरीके से ईबादत करता है। उन्होंने यदि 19 मार्च को चाँद दिखा तो 20 को ईद बनेगी, नही तो 21 को तो ईद का पर्व मनाया ही जाएगा। सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद से जुलुस एमजी रोड, इंदौर रोड होते हुए ईदगाह पहुंचेगा। यहा नमाज अदा की जाएगी। पंडित फणीन्द्र अत्रे(दादू पंडित) ने प्रशासन को तीन मार्च को होली से लेकर गणगौर पर्व तक के पर्वो की जानकारी प्रशासन को सौपी। उन्होंने कहा कि गणगौर मादा जी की बाड़ी 21 मार्च को अलसुबह खुलेगी,भक्त दर्शन के बाद माताजी के ज्वारो को अपने घर ले जाएगे। सुरेन्द्र पंडया ने नगर में होने वाले होलिका दहन कार्यक्रम की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियो को दी।इसके साथ ही दादू पंडित ने गणगौर पूजन के बारे में विस्तार से बताया। मुस्लिम अंजुमन कमेंटी के सदर शेख आयाज ने ईद पर्व को लेकर आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों के बारे में बताया।इसके बाद अधिकारियो सभी त्यौहारों के सम्बन्ध में सम्बन्धित समाजजनो से चर्चा कर उस दौरान साफ़-सफाई, सुरक्षा आदि के निर्देश सम्बन्धित विभाग को दिए। 25 से शुरू होगा भगोरिया -- बैठक के दौरान होली के पहले भगोरिया उत्सवो को लेकर भी चर्चा हुई। जयस के चेतन मंडलोई ने कहा कि 25 फरवरी से भगोरिया शुरू हो जाएगा, 25 को सोरठी बारूल से शुरू होगा, इसके बाद ओखला, काटकूट, बेडिया, रावत पलासिया सहित विभिन्न स्थानों पर भगोरिया मनाया जाएगा। एएसपी ने कहा कि भगोरिया में वालेंटियर की नियुक्ति की जाए, साथ ही झूले बिना परमिशन के नही चलेगे।

**होली के दौरान**

नशाखोरी, छेड़छाड़ करने वाले बख्शे नही जाएंगे- एसडीओपी अर्चना रावत ने कहा की होली, रंगपंचमी पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी। होलिका पूजन के समय महिलाए बड़ी संख्या में घर से निकलती है। ऐसे में नशा कर छेडछाड करने वाले असामाजिक तत्वों से स्वयं विवाद न करते हुए इसकी जानकारी पुलिस को दे। थाना प्रभारी ने कहा की होली उत्सव के दौरान तीन लोग एक बाईक पर न बैठे। शराब पीकर वाहनं चलाए। उत्सव के दौरान हुडदंग न करे।

### द्वितीय चरण का संकल्प से समाधान शिविर हुआ संपन्न हितग्राहीयों को बांटे प्रमाण पत्र



**गोगावा, निप्र।** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत द्वितीय चरण क्लस्टर स्तरीय 24 फरवरी को ग्राम पंचायत गोगावा के मांगलिक भवन में 14 ग्राम पंचायत का आयोजन किया गया अभियान के अंतर्गत 4691 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 4677 का मौके पर निराकरण कर हित ग्राहियों को लाभान्वित किया गया शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के 5 हितग्राहीयो को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किए गए कार्यक्रम में जनपद सदस्य धनसिंह चौहान क्लस्टर प्रभारी विजेंद्र भालेकर परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, पंचायत इंस्पेक्टर उदयसिंह पाटीदार, सचिव शाहपुरा संजू सिसोदिया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही समस्त खंड स्तरीय ग्राम स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्टेज कैरिज नीति के विरोध में उतरे बस संचालक, 2 मार्च से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल



**खरगोन, निप्र।** शासन स्तर पर लागू कि जा रही नई परिवहन नीति का विरोध शुरु हो गया है। बस संचालकों ने इसी नीति को दमनकारी बताते हुए विरोध स्वरुप अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। सोमवार को निमाड़ बस ऑनर्स के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 22 फरवरी को बस संचालकों की बैठक सागर में आहुत की गई। इस बैठक में स्टैज कैरिज नीति पर गहन विचार. विमर्श किया गया। इस बैठक में प्रदेश भर से आए बस ऑपरेटरों ने सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखाई और 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का जिले के बस ऑनर्स भी समर्थन करते है। बस संचालकों का कहना है कि सरकार की नीति निजी बस ऑपरेटरों के लिए नुकसानदेह है। उनका आरोप है कि यह नीति धीरे-धीरे निजी बस कारोबार को खत्म कर देगी। इसी के विरोध स्वरुप 2 मार्च से हड़ताल पर जाने की सूचना ज्ञापन के माध्यम से दी गई है।

### ग्रामीणों ने धर्म के साथ निभाया सामाजिक सरोकार, कथा में दिया 61 यूनिट रक्त



**खरगोन, निप्र।** जिले के ग्राम करोली में चल रही श्री देवनारायण भगवान कथा में ग्रामीणों ने धर्म के साथ सामाजिक सरोकार भी निभाया। यहां कथा श्रवण कर धर्मलाभ लिया वही सामाजिक सरोकार निभाते हुए पीड़ित मानव सेवा का भाव लिए आयोजित शिविर में स्वैच्छा से रक्तदान भी किया। खरगोन ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. विनय सिंह चौहान ने रक्तदान के महत्व के बारे में भी जानकारी दी और लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया। ब्लड बैंक के सचिन चौहान ने बताया कि धार्मिक माहौल के बीच आयोजित इस मानव सेवा कार्य में युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 61 यूनिट रक्त दान किया। यह संग्रहित रक्त जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। विशेष रूप से यह रक्त सिकल सेल एनीमिया और थेलेसिमिया जैसे गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों के उपचार में भी काम आएगा, जिनको नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है।

### अधिकारियों ने सुनी 65 आवेदकों की समस्याएं



**खरगोन, निप्र।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 24 फरवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्या एवं श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 65 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### कार में हो रही थी देशी-विदेशी शराब की तस्करी, 38 पेटी शराब जब्त

**गोगावा, निप्र।** चार पहिया वाहन में हो रही शराब तस्करी का खुलासा करते हुए पुलिस ने 1 लाख 65 हजार 820 रुपए की शराब के साटा ही कार जब्त की है। इसके अलावा एक अन्य प्रकरण में स्कूटी वाहन सहित 56 लीटर कच्ची शराब भी जब्त की गई है। गोगावां थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम मोहम्मदपुर नहर के किनारे कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी की गई। यहां मुखबिर के बताए नंबर एवं हुलिये अनुसार कार के आने का इंतजार किया। कार आने पर चालक ने पुलिस को देख वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और नाकाबंदी



तोड़ते हुए भाग निकला। पुलिस को पीछा करने पर आगे जाकर कार मोहम्मदपुर पम्प हाउस छोड़कर अंधेरे का फाइदा उठा कर फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर पिछली सीट व डिक्की में शराब की पेटियां रखी पाई गई। 16 पेटी देशी शराब, 15 पेटी लेमाउंट बीयर केन, 2 पेटी आफिसर चाईस व्हिस्की, 3 पेटी लंदन प्राईड व्हिस्की, 1 पेटी आफिसर च्वाईस व्हिस्की, 1 पेटी लंदन प्राईड वोडका कुल 38 पेटी देशी-विदेशी शराब जब्त की है। कार को अभिरक्षा में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। इसी तरह 22 फरवरी को कस्बे में पेट्रोलिंग के दौरान बिना नंबर की स्कूटी वाहन को मोहम्मदपुर रोड़ लाखी बायपास रोड़ पुल पर रोका गया।

**एक नजर में** — जन सेवा क़ी भावना के लिए एक सेवा निवृत आई ए एस अफसर इन दिनों नर्मदा परिक्रमा पर है

# माँ नर्मदा जीवन मे प्रेरणा देती है : पूर्व गृह सचिव श्रीवास्तव

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा और भक्ति होने के साथ जन सेवा क़ी भावना के लिए एक सेवा निवृत आई ए एस अफसर इन दिनों नर्मदा परिक्रमा पर है। यह अधिकारी कभी मध्य प्रदेश के सर्वक्तिमान गृह (पुलिस) विभाग के सचिव रह चुके है। रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट का नाम है ओम प्रकाश श्रीवास्तव जो 2007 बैच के आय ए एस अधिकारी है। मध्यप्रदेश पी एस सी की राज्य सेवा परीक्षा से 1989 मे डिप्टी कलेक्टर सिलेक्ट होने के बाद आपने नर्मदा किनारे के जिलों होशंगाबाद, जबलपुर, खंडवा मे अपनी अधिकतम सेवाएं दी। बतौर प्रशानिक अधिकारी आपने नर्मदा माँ के सानिध्य मे 17 साल गुजारे। आप शिवपुरी मंदसौर और रीवा के कलेक्टर भी रहे।कमलनाथ क़ी सरकार मे सहायक संचालक जनसम्पर्क रहे श्रीवास्तव साहब शिवराज सिंह के एडिशनल सेक्रेट्री टू सी एम भी रहे। 28 फ़रवरी 2025 को ग्रह सचिव के पद से सेवा निवृत्त होने के बाद आपने नर्मदा परिक्रमा करने का निर्णय लिया इस निर्णय मे उनकी धर्मपत्नी श्रीमति भारती श्रीवास्तव ने भी भागीदारी क़ी उन्होने नर्मदा परिक्रमा के लिए अपनी शासकीय सेवा (प्राचार्य) से वी आर एस लेकर पैदल पति के साथ चलना स्वीकार किया। श्रीवास्तव दंपत्ति ने विलासिता का जीवन त्याग कर 10 दिसम्बर 2025 को मां नर्मदा क़ी परिक्रमा होशंगाबाद से शुरू क़ी वहाँ से दक्षिण तट से वे खम्बात क़ी खाड़ी पार कर उत्तर तट के पथ से रविवार मंडलेश्वर के माँ नर्मदा आश्रय स्थल पहुँचे जहाँ नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे और आश्रम सेवादार रत्नदीप मोयदे व धनंजय शर्मा ने स्वागत किया।भोजन प्रसादी ग्रहण कर वे पथराड के लिए रवाना हुए।आप एक दिन मे 20 से 22 किमी औसत चलने वाले दम्पत्ति क़ी सोच भी आम नर्मदा भक्त से अलग है।आपने कहा कि परिक्रमा करने का उद्देश्य जीवन बोध है माँ नर्मदा के प्रति भक्ति का भाव है माँ नर्मदा से जीवन मे प्रेरणा मिलती है परिक्रमा के दौरान जीवन मे नया परिवर्तन मिला जीवन के लिए भौतिक सुख आवश्यक नहीं है।जो धन वैभव मिला उसका कोई औचित्य नहीं है व्यक्ति को संग्रह क़ी अवश्यकता नहीं है परिक्रमा के दौरान जेब से कुछ खर्च नहीं कर रहा हूँ नहीं किसी से कुछ मांग रहा हूँ लेकिन जो आवश्यक है वह माँ नर्मदा दे रही है।

